ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर भारत ने जताया शोक

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

भारत सरकार ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में **ईरानी राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी** और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की दुखद **मृत्यु** के बाद **21 मई, 2024 को देशभर में एक दिन के राजकीय शोक** की घोषणा की है।

- राजकीय शोक के तहत, दिवंगत ईरानी राष्ट्रपति के सम्मान में देशभर के सभी **सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय तिरंगे को आधा झुकाया जाएगा** और **इस अवधि के दौरान कोई आधिकारिक मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।**
  - भारत में राजकीय शोक **गृह मंत्रालय** द्वारा प्रदान किये गए विशिष्ट दिशानिर्देशों के तहत मनाया जाता है। ये दिशानिर्देश नियमों और सम्मेलनों के व्यापक समूह का हिस्सा हैं, जिन्हें भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के रूप में जाना जाता है।
- भारत के प्रधानमंत्री ने रईसी की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया और भारत-ईरान संबंधों को बेहतर करने में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया।
  - राष्ट्रपति रईसी के कार्यकाल के दौरान, ईरान वर्ष 2023 में सऊदी अरब के साथ जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स समूह में शामिल हो गया।

और पढ़े: भारत, ईरान और चाबहार बंदरगाह

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-observes-state-mourning-for-iran-president